संसद सदस्यों ने श्रीमती सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 13 फरवरी, 2020: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री गुलाम नबी आजाद और पूर्व उप प्रधान मंत्री, श्री एल.के.आडवाणी के नेतृत्व में संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने आज श्रीमती सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी श्रीमती सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि दी।

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला की पहल पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में संसद ग्रंथालय में उपलब्ध श्रीमती सरोजिनी नायडू से संबंधित पुस्तकों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्रीमती सरोजिनी नायडू के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

श्रीमती सरोजिनी नायडू के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 16 दिसम्बर, 1959 को किया था।